# भा.कृ.अनु.प. - भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान

## खंडवा रोड, इन्दौर- 452001

प्रेस नोट

प्रेस प्ब्लिसिटी/39/2021 दिनांक : 31 दिसम्बर 2021

### संस्थान में आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा 16-31 दिसम्बर 2021

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में भा.कृ.अनु.प.- भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इन्दौर में दिनांक 16-31 दिसम्बर, 2021 के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया । आज दिनांक 31 दिसम्बर, 2021 को स्वच्छता पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉ. अनीता रानी, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी निदेशक, भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इन्दौर थी । संस्थान के फसल उत्पादन अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. बी.यू. दुपारे, प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, प्रधान वैज्ञानिक के साथ श्री सौरभ मीना, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं अध्यक्ष स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन समिति की मंचासीन उपस्थिति ने कार्यक्रम को गौरवान्वित किया । इस कार्यक्रम में संस्थान के समस्त स्टॉफ ने भाग लिया । संस्थान के स्वच्छता अभियान समिति के सदस्य सचिव एवं सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी ने स्वागत भाषण दिया और पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । उन्होंने बताया कि दिनांक 16-31 दिसम्बर, 2021 के दौरान संस्थान में स्वच्छता बेनरों का प्रदर्शन, कार्यालय रिकार्ड एवं कार्यालय भवन के आसपास समस्त स्टॉफ द्वारा साफ-सफाई कार्य, प्रक्षेत्र की सफाई का कार्य, संस्थान आवासीय परिसर की सड़कों गेटों के आसपास साफ-सफाई, कम्पोस्ट पीट में कम्पोस्ट बनाने हेतु बायोगैस से भराव कार्य, कार्यालय भवन की जल निकास एवं सिवरेज लाईन की सफाई कार्य, स्वच्छता से समृद्धि विषय पर प्रस्तुतीकरण, मेरा गांव मेरा गौरव के अंतर्गत ग्राम कटकटखेड़ी में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, प्रक्षेत्र महिला कर्मियों के लिए स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, सोशल मीडिया के माध्यम से स्वच्छता कार्यक्रम, स्कूली बच्चों के लिए स्वच्छता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन, पौध रोपण, सौंदर्यीकरण तथा स्वच्छता पोस्टर प्रदर्शनी आदि विभिन्न आयोजन कर स्वच्छता जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया गया । निदेशक महोदया एवं मंचासीन महानुभावों के कर-कमलों से प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया जिसमें प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में - प्रथम श्री संजय कुमार पांडे, द्वितीय श्री रविशंकर कुमार, तृतीय श्री प्रेम जोशी एवं डॉ. ज्ञानेश कुमार सातपुते रहे । स्वच्छता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में श्रीराम कान्वेंट स्कूल, मूसाखेड़ी, इन्दौर के बच्चों ने भाग लिया जिसमें - प्रथम कु. अंशिका शर्मा, द्वितीय मास्टर वैभव खन्ना एवं मास्टर राज ठाकुर, तृतीय मास्टर राज राजपूत एवं मास्टर रूद्र नामदेव रहे ।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रभारी निदेशक डॉ. अनीता रानी महोदया ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि निरंतर स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है। संस्थान के सभी कर्मचारी संस्थान को स्वच्छ रखने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने पुरस्कृत विजेताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी। स्वच्छता आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री सौरभ मीना ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्थान में स्वच्छता बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की सफलता हेतु आयोजन समिति ने अपना पूर्ण सहयोग किया, सभी को हार्दिक बधाई दी तथा श्रीराम कान्वेंट स्कूल, मूसाखेड़ी, इन्दौर के प्रबंधन के समन्वय की सराहना की। कार्यक्रम का स्वागत भाषण, संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री श्याम किशोर वर्मा, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी एवं सदस्य सचिव, संस्थान स्वच्छ भारत अभियान समिति द्वारा दिया।



